## सार-समाचार

### पाली में यूजर चार्ज बिल बांटे

**पाली**, (नि.सं.)। राज्य सरकार की अधिसूचना 12 अप्रैल 2019 की अनुपालन में शहर में घर-घर कचरा संग्रहण वाहन के लिए निर्धारित यूजर चार्ज संग्रहण का कार्य संवेदक फर्म विवोइस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि मंगलवार को सहायक अभियंता की अगुवाई में कार्यवाही करते हुए शहर में विभिन्न वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को बकाया राशि के बिल बाटें गए। कार्यवाही के दौरान सुमेरपुर रोड पर स्थित श्रीनाथ रेस्टोरेंट, मारुति सुजुकी जेनुइन पार्ट के स्वामी या अधिभोगी द्वारा बिल स्वीकार नहीं किए जाने पर इन वाणिज्यिक प्रतिष्ठानो के सहजदृश्य स्थानों पर चस्पा किए गए। वहीं जोधपुर रोड पर स्थित किनारा रेस्टोरेंट के संचालक द्वारा ना ही प्रस्तुत बिल लिया गया और नहीं रेस्टोरेंट के किसी स्थान पर चस्पा करने दिया गया। आयुक्त ने बताया कि सहायक अभियंता की मौका रिपोर्ट के आधार पर किनारा रेस्टोरेंट के संचालक पर राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 के अनुसार शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी।

### वाणिज्यिक भूखंडों की ई-नीलामी शुरू

**पाली**, (नि.सं.)। औद्योगिक क्षेत्र चतुर्थ चरण, पाली एवं औद्योगिक क्षेत्र पुनायता, पाली मे वाणिज्यिक भूखण्डो की ई-नीलामी शुरू की गई है। रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण गुप्ता ने बताया कि रीको इकाई कार्यालय पाली के अधीन औद्योगिक क्षेत्रो चतुर्थ चरण, पाली मे 1 वाणिज्यिक भूखण्ड एवं औद्योगिक क्षेत्र पुनायता, पाली मे 1 वाणिज्यिक भूखण्ड (पेट्रोल पम्प) की ई-नीलामी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक निगम की वेबसाईट के माध्यम से 26 मई को सुबह 10 बजे से 10 जून को सायं 6 बजे तक अमानत राशि जमा करवाकर 11 से 13 जून को सायं 5 बजे तक ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदकों को भूखंड़ की वास्तविक स्थिति देखने की सुविधा प्रदान करते ई-नीलामी में रखे गये प्रत्येक भूखण्ड के साथ उसके 360 डिठ़ी व्यू की फोटो अपलोड की हैं। आवेदक भूखण्ड की वास्तविक स्थिति के बारे में जान सकेंगे।

### जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई

**पाली**, (नि.सं.)। देश के प्रथम प्रधानमन्त्री स्वर्गीय पण्डित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर पाली में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीवराज बोराणा के नेतृत्व में सूरजपोल स्थित उनकी प्रतिमा पर माला पहनाई। तत्पश्चात कांग्रेस भवन में उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई, कांग्रेस सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, पंचायत राज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मदन सिंह जागरवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य जोगाराम सोलंकी, रोहट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गिरधारी सिंह राजपुरोहित,पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष हाजी मेहबूब टी, प्रकाश सांखला, खुडावास सरपंच राजेंद्र सिंह राजपुरोहित, पाली उपाध्यक्ष दिनेश कुमार दवे, मण्डल अध्यक्ष राजू सोलंकी,पुर्व पार्षद आमीन अली रंगरेज, मोहनसिंह हेमावास लक्ष्मण कच्छवाहा,सजन बी राज, शहजाद शेख, प्रवक्ता अशगर कुरैशी,चंद्रपाल सिंह पुनायता, संजय परमार, रमेशकुमार तुनगरिया , पूर्व पार्षद ताराचंद टांक, सदाराम बिश्नोई, मांगीलाल सोलंकी, अनवर सहित कांग्रसजन मौजूद रहै।

### राजीव गांधी भवन में कार्यक्रम हुआ

**जालोर**, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी,जालोर की और से मंगलवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि का कार्यक्रम राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित किया गया। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन ने चाचा नेहरु जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। साथ ही सभी कांग्रेसजन ने उनके बताए गए मार्गो एवम आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। अंत मे सभी कांग्रेसजन ने दो मिनिट का मौन धारण कर उन्हें श्रदांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल,प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, जुल्फिकार अली भुट्टो,मदनलाल दहिया,कैलाश शर्मा,देवाराम सांखला, सोनाराम मेघवाल, खसाराम मेघवाल,अशोक परिहार, सुरेश मेघवाल, अनिल पंडत,महेंद्र सोनगरा, पुखराज माली,वगताराम चौधरी, कपूराराम परिहार,कालूराम मेघवाल, विनोद चौधरी,ओम प्रकाश चौधरी सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### राहगीरों को पिलाई छाछ

**पाली**, (नि.सं.)। श्री मरूधर केसरी मित्र मंडल परिवार द्वारा नोतपा की भीषण गर्मी को देखते हुए रुई कटला स्थानक से गुजरने वाले राहगीरों को शीतल छाछ का आयोज रखा गया। मित्र मण्डल के मंत्री सज्जनराज गुलेच्छा ने बताया कि लगभग 3000 राहगीरों ने छाछ पीकर गर्मी से राहत महसूस की व मण्डल द्वारा मोबाइल प्याऊ भी 13 अप्रैल से नियमित रूप से चल रही हैं। व्यवस्था में अध्यक्ष नेमीचन्द चौपडा, धनपत चौपडा नरेंद्र पंच शरबत पगारिया, मांगीलाल संचेती, सोमचन्द नाहटा, पवन मुथा, पारस बोहरा, प्रकाश सुराणा,लखपत राज सिंघवी पारस मुथा, प्रकाश भरकरक्तिया, तारा चन्द जैन पदम ललवानी, महेन्द्र जैन, पारस तलेसरा, दिलीप कटारिया, देवी चन्द सालेचा सम्पत पारख, ज्ञान चन्द पोखरना, प्रकाश कटारिया, नेमी चन्द पगारिया, कुशल सुराना, घमण्डी राम, सौरभ संचेती, ललित सोलंकी, सुनिल मेहता, चैन राज गुलेच्छा का सहयोग रहा।

### जैसाराम मेघवाल मंडल अध्यक्ष बने

**रेवदर**, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी मंडल अध्यक्षों की सूची में भटाना मंडल में जैसाराम (सोलंकी) मेघवाल मकावल को अध्यक्ष मनोनीत किया। जैसा राम मेघवाल के मंडल अध्यक्ष बनने के बाद शुभचिंतकों ने आपस में मुंह मीठा करवा कर बधाई दी। मेघवाल ने बताया कि मुझ जैसे आम कार्यकर्ता को एक जिम्मेदारी दी है, इसके लिए राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का आभार जताते हुए बताया कि क्षेत्र की समस्या को प्राथमिकता देकर समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। आमजन की आवाज एवम समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाएंगे।

### मृत्युभोज बंद करने का लिया निर्णय

**सायला**, (निसं)। सायला शहर के पुरानी नर्सरी रोड स्थित रामदेव मंदिर में मंगलवार को नौ गांव मेघवाल सेवा समिति सायला-उम्मेदाबाद की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सामाजिक एकता, समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने एवं शिक्षा को बढावा देने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मृत्युभोज बंद करने एवं मिठाई नहीं बनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान देवाराम, तगाराम, गोकाराम, जगताराम, पोलाराम, नेकाराम ओटवाला, जगाराम, जोगाराम खरल, भोलाराम, वेलाराम, भारताराम, सोपाराम, जबराराम, वागाराम, वजाराम डांगरा, दीपाराम, मोहनलाल समेत समाजबंधु मौजूद रहे।

### जयराज पर्वत की दूसरी परिक्रमा की

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट भटाना कस्बे के जहु माता के उपासक संजय ओगड ने बताया कि जयराज पर्वत की परिक्रमा कर आसपास इलाके में पेड़ लगाने का संकल्प लिया। ओगड ने पैदल यात्रा कर खुशहाली की कामना की। उपासक ओगड ने बताया की जयराज पर्वत की नंगे पांव दूसरी पैदल यात्रा की। संजय ओगड,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह, अर्जुन चौधरी, जीतू भाई सेन,महावीर सिंह,रवि कुमार,सलीम भाई,छगन लोहार,राजू राम,मगन चौधरी , विया राम, भरत चौधरी, तलसा राम सहित दर्जनों भक्त साथ रहे।

### बाइक की टक्कर से दो महिला घायल

**सायला**, (निसं)। सायला शहर के पुलिस थाना मोड में सवेरे करीब साढे दस बजे के लगभग पैदल राह चल रही दो महिलाओं को मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। जिसमे इंद्रा देवी पत्नी महावीर कुमार सेन निवासी आलासन व पूजा देवी पत्नी मोंटू कुमार सेन निवासी उम्मेदाबाद घायल हो गई। हादसे में इंद्रा देवी के पैर की हड्डी टूट गई। साथ ही कान के पास चोट आई है। जिसका भीनमाल के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

### अवैध शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं) । अवैध रूप से शराब बेच रहे कुछ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बेचने को रखी अवैध शराब जब्त की। बोरानाड़ा थाने के एएसआई भगाराम ने सेठ सांवरिया फैक्ट्री रिको बोरानाड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेच रहे करनाराम मेघवाल को गिरफ्तार कर बेचने को रखी अवैध शराब जब्त की। इसी प्रकार एयरपोर्ट थाने के एएसआई अमरसिंह नें झटका नोनवेज रेस्टोरेंट खारड़ा रणधीर के पास महिपाल विश्नोई को गिरफ्तार कर बेचने को रखी अवैध शराब जब्त की।

# योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे : विश्वमोहन शर्मा

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में बजट घोषणाओं, हीट वेव प्रबंधन, मानसून पूर्व तैयारियों व पौधारोपण के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा ने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 एवं बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी प्रो-एक्टिव होकर सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने तथा निर्माण कार्यों में गति लाने को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की।



जालोर जिला प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा ने अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रभारी सचिव ने बजट घोषणाओं के तहत केशवना में घुमन्तु-अर्द्धघुमन्तु समुदाय के बच्चों के लिए छात्रावास निर्माण, नून में हवाई पट्टी की मरम्मत, रखरखाव व उन्नयन कार्य, अटल ज्ञान केन्द्र, आहोर में नवीन कन्या महाविद्यालय, जिला मुख्यालय पर बालिका गृह सहित विभिन्न बजट घोषणाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने ग्रीष्म ऋतु में जिले में हीट वेव की स्थिति को देखते हुए पेयजल, डिस्कॉम एवं मेडिकल विभाग के अधिकारियों को हीट वेव्स से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए हीट वेव व मौसमी बीमारियों के मरीजों के लिए एसी व कूलर युक्त वार्ड सुविधाएँ सुनिश्चित करने तथा रोगियों को अविलम्ब उपचार मुहैया करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एएनएम द्वारा नरेगा स्थलों पर ओआरएस, हैल्थ चैकअप की सुविधा सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने पीएचईडी एवं डिस्कॉम के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए तैतरोल, बागोड़ा व उम्मेदाबाद पम्पिंग स्टेशनों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जावें जिससे पेयजल सप्लाई में कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर लू-तापघात से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सुचारू पेयजल व विद्युत आपूर्ति को लेकर विभागीय अधिकारियों को विशेष तौर पर निर्देश दिए। उन्होंने इनके संबंध में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने, शिकायत रजिस्टर संधारित करने तथा 24 घण्टे निरंतर हेल्प डेस्क संचालित करने की बात कही।

प्रभारी सचिव ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कंटीजेंसी प्लान के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यकतानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकर परिवहन द्वारा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के बात कही। प्रभारी सचिव ने नगर परिषद के अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड, बाजारों में आमजन के लिए पर्याप्त छाया, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्रय स्थलों पर आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित करने तथा फायर ब्रिगेड को अलर्ट मोड पर रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को मानसून पूर्व सड़कों का मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मानसून पूर्व जिले में स्थित बांधों की पाल के रखरखाव फाटकों के संचालन के संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मानसून को देखते हुए नदियों के बहाव क्षेत्र में आने वाली रपट व पुलिया पर गेज मीटर एवं एवं सावधानी बोर्ड के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व तैयारियाँ सुनिश्चित करते हुए आवश्यक संसाधन यथा-टॉर्च लाईट, मड पंप, रस्सी इत्यादि की व्यवस्था किये जाने की बात कही।

बैठक में उन्होंने ''हरियालो राजस्थान'' वृक्षारोपण अभियान को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जालोर जिले में वन, मेडिकल, नगरीय निकाय, शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायतीराज, उद्यानिकी, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा कुल 14.69 लाख पौधें लगाए जाने है जिसके लिए विभाग पूर्व तैयारियाँ करते हुए साइट सलेक्शन, गड्ढें खुदवाने, सुरक्षा उपाय व पौधों की खरीद संबंधित तैयारियों को निर्देशित किया।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने जिले की विभिन्न विभागों की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के पोस्टर का विमोचन किया।

जागरूकता पोस्टर के माध्यम से स्कूल के बच्चों ,कॉलेजों के छात्रों व आमजन को नशा नही करने व नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा, उप वन संरक्षक जयदेवसिंह चारण, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, डिस्कॉम के एसई धर्मेन्द्र प्रजापति, पीएचईडी के एसई संजय शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता डी.आर.माधव, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक भेराराम, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर गजराज सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

# थार के चारों पर्यावरण प्रेमियों को श्रद्धांजलि दी

**पोकरण**, (कासं)। थार रेगिस्तान के समर्पित पर्यावरण प्रमियों ( रक्षकों) राधेश्याम पेमाणी, कंवराज सिंह, श्याम बिश्नोई और वनरक्षक सुरेन्द्र चौधरी की दुखद मृत्यु के उपरांत पोकरण में मंगलवार शाम एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। पोकरण नगरपालिका सभागार में हुई इस श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम के दौरान सभा में क्षेत्र के सैकडों नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लेकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सुमेर सिंह सांवता ने अपने उद्बोधन में राधेश्याम बिश्नोई व अन्य साथियों के कार्यो को याद करते हुए कहा जीव जंतु एवं पर्यावरण को संरक्षण देने के साथ ही एक जुनून के रूप में थार के रेगिस्तान में यहां के पशु पक्षियों की दिनचर्या, वनस्पति एवं भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में राधेश्याम कम शिक्षित होते हुए भी क्षेत्र के पशु पक्षियों एवं पर्यावरण को लेकर के बहुत बडा शोध कार्य किया जिस देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई, इनका योगदान थार के ओरण और वन्यजीव संरक्षण के लिए अमूल्य था। उन्होंने राधेश्याम बिश्नोई के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए। सभा में सामाजिक अध्येता विभांशु कल्ला ने थार के इको सिस्टम की विशिष्टता और उस पर पड रहे औद्योगिक प्रभावों-विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं-की विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने देशभर में चल रहे पर्यावरण आंदोलनों की जानकारी देते हुए थारवासियों से जागरूकता और एकजुटता की अपील की। कार्यक्रम में पारी नेटवर्क की ओर सेनिर्देशित जैसलमेर के ओरण इकोसिस्टम पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई, जिसे उपस्थितजनों ने गहनता से देखा और सराहा।

इस अवसर पर भाजपा नेता जुगल किशोर व्यास, पूर्व विधायक सांग सिंह भाटी, वरिष्ठ पत्रकार जुगल किशोर बिस्सा, समाजसेवी गुलाब सिंह गडडी, जितेंद्र बिश्नोई, मुरली जोशी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभा के अंत में सभी ने थार के पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा और दिवंगत पर्यावरण रक्षकों के अधूरे सपनों को साकार करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# बच्चों व परिजनों से संवाद, स्कूल जाने की प्रेरणा दी

**जोधपुर**, (कासं) । जिला प्रशासन के निर्देशन में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा सडक़ों के किनारे घुमंतू बस्तियों में रहने वाले बच्चों के संरक्षण के लिए नई पहल की गई है।

बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. बीएल सारस्वत ने बताया कि जिला परिषद जोधपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धीरज कुमार सिंह के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अन्य विभागों, एनजीओ एवं भामाशाहों के सहयोग से सडक़ों पर रहने वाले (स्ट्रीट चिल्ड्रन) के अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अभियान का शुभारंभ पाल बालाजी मंदिर के आसपास स्थित झुग्गी बस्ती से किया गया।

कार्यक्रम में जिला परिषद धीरज कुमार सिंह व नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पालानीचामी ने कहा कि बच्चों की मुस्कान-देश का अभिमान के तहत सडक़ पर रहने वाले बच्चों की पहचान करना और उनके बारे में जानकारी एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित स्वच्छ आश्रय प्रदान करना, उनके पौष्टिक भोजन की व्यवस्था करना, बच्चों को अनौपचारिक एवं औपचारिक शिक्षा प्रदान करना, स्वास्थ्य देखभाल परामर्श और उपचार प्रदान करना, उन्हें कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है जिससे बच्चे आत्मनिर्भर बन सके।

एनजीओ संचालक मदन जांगिड़ ने झोपडिय़ों का निरीक्षण करवाया। इस अवसर पर जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी धीरज कुमार सिंह व नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पालानीचामी ने झोपडिय़ों में जाकर वहां की स्थितियों को जानकर परिजनों को स्कूल भेजने के लिए समझाइश की।

अधिकारियों ने रात के अंधेरे में झोपडिय़ों के बाहर चारपाई पर बैठकर बच्चों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को समझा। इस मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल व्यास, अधीक्षक राजकीय किशोर एवं संप्रेक्षण गृह अधीक्षक मनमीत कौर, समाज कल्याण अधिकारी जानकीदास चौहान, हाइकोर्ट किशोर न्याय समिति के वरिष्ठ सलाहकार राकेश चौधरी, बाल कल्याण समिति सदस्य अनिल मरवण, नवजीवन संस्थान के प्रभारी राजेंद्र परिहार, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी बन्नालाल, संरक्षण अधिकारी सरोज चौहान, आउटरीच वर्कर अर्जुन सिंह, चाइल्ड लाइन प्रभारी मोहम्मद नईम, काउंसलर चांदनी सहित विभिन्न एनजीओ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निजी बैंक के ए.टी.एम. में चोरी का प्रयास

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर शहर के निकटवर्ती मंडलनाथ दइजर रोड पर आए एक निजी बैंक के एटीएम में सैंध का प्रयास किया गया।

नकाबपोश युवक एटीएम में घुसे और तोड़फ़ोड़ की। कामयाब नहीं होने पर वहां से चले गए। बैंक के सहायक प्रबंधक की तरफ से करवड़ थाने में अज्ञात शख्स के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। करवड़ पुलिस ने बताया कि मंडलनाथ चौराहा के पास दइजर रोड पर आईडीबीआई बैंक का एटीएम लगा है। 25-26 मई की रात एक बजे के आस पास दो तीन युवक नकाब पहने वहां पहुंचे। उन लोगों ने एटीएम मशीन से छेड़छाड़ करने के साथ लगिए-सरिया से तोडऩे का प्रयास किया। मगर एटीएम मशीन नहीं खुल पाई। घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेज में देखा गया। मामले को लेकर आईडीबीआई बैंक के सहायक प्रबंधक राजेश कुमार मीना ने रिपोर्ट दी है। जांच एएसआई सवाई सिंह की तरफ से की जा रही है।

## अफीम के दूध सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**सायला**, (निसं)। जिले में अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन सपोलिया के तहत सायला थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह मय पुलिस टीम ने 250 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध जब्त कर एक पुरुष व एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार जिले में मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत नाकाबंदी, संदिग्ध स्थानों एवं वाहनों की सघन तलाशी ली गई। इस दौरान जिला पुलिस द्वारा लगातार कारवाई की जा रही है। इसी क्रम में मौखिक इत्तलानुसार कस्बे में नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कार में रखे 250 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध को जब्त कर आरोपी मलाराम पुत्र हकाराम उम्र 28 साल जाति मेघवाल निवासी चौराउ व नेतल कुमारी पुत्री ताराराम पत्नी भरत कुमार जाति गर्ग उम्र 27 साल निवासी आसाणा हाल मालगढ़ भाद्राजून को गिरफ्तार किया गया।

साथ ही परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। अग्रीम अनुसंधान अरविन्द कुमार थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जालोर के हवाले किया गया। मामले में जांच की जा रही है।

# पेयजल संकट पर चर्चा की



पाली विधायक भीमराज भाटी ने सचिवालय में रोहट के पेयजल संकट के स्थाई समाधान करने की मांग कर विस्तृत चर्चा की। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली विधायक भीमराज भाटी ने आज राजस्थान सचिवालय में रोहट के पेयजल संकट को लेकर राजस्थान सरकार के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल से मिलकर पेयजल के स्थाई समाधान करने की मांग कर विस्तृत चर्चा की।

विधायक भाटी के आठाह पर जलदाय मंत्री ने जोधपुर के चीफ इंजीनियर से दूरभाष पर बात कर कुड़ी होद से रोहट पानी देने की स्वीकृति दी।

जलदाय मंत्री ने विधायक भीमराज भाटी को पेयजल के स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 75 करोड़ की लागत से केनाल एफ 8 से कुड़ी होद तक पाइप लाइन का काम सितम्बर अक्टूबर तक पूरा करवाने का आश्वासन दिया। रोहट और पाली के लोगीं को हमेशा के लिए हिमालय का पानी मिलता रहेगा।

विधायक प्रतिनिधि कांग्रेस नेता मदनसिंह जागरवाल ने बताया कि इस दौरान विधायक भाटी और जलदाय मंत्री कन्हैयालाल ने जिला कलेक्टर पाली से भी बात कर निर्देश दिए कि रोहट क्षेत्र की जनता को पर्याप्त पानी देने की पूरी व्यवस्था की जाए। इस बाबत जिला कलेक्टर पाली अधिशाषी अभियंता कानसिंह को प्रत्येक सप्ताह रोहट और जैतपुर में पेयजल की सुचारू सप्लाई के लिए नियुक्त किया।

पिछले वर्ष स्वीकृत मंडली खुर्द से रोहट डी.आई.पाइप लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही कलेक्टर ने भी एक दो दिनों में टेस्टिंग कर नियमित पानी रोहट को देना का आश्वासन दिया है। विधायक भीमराज भाटी ने बताया कि सरकार और मंत्री पाली जिले के रोहट पेयजल संकट के स्थाई समाधान हेतु गंभीर है । कुड़ी होद से पाइप द्वारा रोहट को पानी मिलने पर रोहट के आसपास के गांवों व मंडली खुर्द से जैतपुर जलदाय विभाग पहुंचने वाले अधिक पानी से रोहट के चोराई क्षेत्र के अंतिम गांवों को पर्याप्त पानी मिलेगा।

## सार-समाचार

### शनि जयंती महोत्सव संपन्न

**पाली**, (नि.स.)। पाली जिले के निम्बड़ा खेतावास स्थित श्री सिद्ध शक्ति पीठ शनिधाम में पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी परमहंस निजस्वरूपानंद पुरी महाराज के सानिध्य में शनि जयंती के कार्यक्रम हुए। ट्रस्ट के स्वामी प्रज्ञानंद पुरी ने कहा कि पांच समय आरती की व श्रद्धालुओं के लिए विशेष भंडारे का आयोजन भी किया। शीतल जल की व्यवस्था की गई। मंदिर के व्यवस्थापक महंत श्रद्धा पुरी महाराज, महंत दयापुरी महाराज और शिवानी ने पूरे दिन श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन में कोई बाधा न आए उसके लिए संवाएं दी। संध्या को सुंदरकांड का पाठ किया गया। जयेश सोलंकी, डॉ मुकेश भाटी नाडोल, राकेश गुप्ता, मोतीलाल मेवाड़ा, लाल महाराज, डॉ मनोज, दिग्विजय सिंह सरदारसमंद, महेंद्र चौहान, डॉ भानाराम, दिलीप, भेरू सेन, कालू मारू, मुरली मनोहर, नरेन्द्र गहलोत, हरीश सांखला, मदनसिंह इंदा, शैलेष वर्मा, गंगाराम चौधरी, रामलाल चौधरी, चेनराज अख़ावत, पूरण आर्य, साहिल डांगी, भेराराम अख़ावत, रमेश बावल, रमेश टोकरला, मदन हेमावत, पारस अख़ावत आदि मौजूद रहे।

### आवारा पशु पकड़ने गए दस्ते से अभद्रता

**जोधपुर**, (कासं) । नगर निगम दक्षिण की तरफ से आवारा पशुओं की धरपकड़ अभियान के तहत पशुदल प्रभारी और दस्ते से कुछ लोगों ने अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। आवारा पशुओं को छुड़ा लिया गया। दल प्रभारी ने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए बनाड़ थाने में इस बाबत राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज करवाया है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि नगर निगम दक्षिण के पशुदल प्रभारी राकेश परिहार की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वे दस्ते के साथ बनाड़ स्थित प्रेमनगर में आवारा पशुओं की धरपकड़ के लिए गए थे। जहां पर वीरेंद्र नायक और कुछ लोगों ने कार्रवाई में बाधा डाली और विरोध जताने लगे। यह लोग मारपीट पर उतारू हो गए। बनाड़ पुलिस ने जांच आरंभ की है।

### फाइनेंस कंपनी के सैल्समैन से मारपीट

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के सरदारपुरा सी- डी रोड पर एक निजी फाइनेंस कंपनी के सैल्समैन के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की और धमकियां दी। मारपीट का कारण आपसी लेन देन की आशंका हो सकता है। फिलहाल पुलिस ने नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि महेश हॉस्टल के पीछे जगदम्बा कालोनी बोम्बे मोटर जोधपुर क्षेत्र में रहने वाले आईसीआई होम फाईनेंस में ब्रांच सैल्समेन चंदन सिंह पुत्र सुमेर सिंह ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह सरदारपुरा सी- डी रोड पर आया हुआ था। तब एक शोरूम के पास में कमल जांगिड़, विजय जांगिड़ और प्रदीप आदि ने उसका रास्ता रोककर मारपीट की। उसे धमकियां दी गई।

### वुशू खिलाड़ी तमिलनाडु में दिखाएंगे दम

**जालोर**, (कासं)। 25 वी राष्ट्रीय स्तरीय सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता बालक बालिका तमिलनाडु में 31 मई तक आयोजित होगी । प्रतियोगिता में आत्मरक्षा केंद्र व वीर वीरमदेव स्पोर्ट्स अकैडमी के तीन खिलाडियों का चयन हुआ। आत्मरक्षा केन्द्र जालोर व वीर वीरमदेव स्पोटर्स एकेडमी के प्रीतमसिंह ने बताया कि आराध्या सुंदेशा पुत्री दिनेश कुमार,वैष्णवी सिंह पुत्री दिनेश सिंह वाघेला,प्रियांशु गहलोत पुत्र राजू कुमार गहलोत अपना दमखम दिखाएंगे। तीनों खिलाडी कोच प्रीतम सिंह के साथ अहमदाबाद से फ्लाइट से तमिलनाडु पहुंचे। खिलाडियों को माला पहनकर मीठा मुंह करवा कर रवाना किया। दिनेश सिंह वाघेला,राजू आदी उपस्थित रहे।

### नीतियों एवं योजनाओं की दी जानकारी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024'के तहत संपादित एमओयू को धरातल पर लाने तथा निवेशकों को राज्य सरकार की विभिन्न नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जैसलमेर द्वारा होटल जैसल इन जैसलमेर में जिला स्तरीय निवेश कार्यशाला का आयोजन हुआ।


राजस्थान सरकार
**कार्यालय नगर सुधार न्यास, आबू जिला सिरोही (राज.)**

क्रमांक / यूआईटी आबू / भूमि /2025 दिनांक :-

**सूचना**

न्यास में नीचे नामित आवेदक द्वारा राजस्थान नगर सुधार न्यास अधिनियम 1959 की धारा 60- सी के अन्तर्गत लागू उक्त नियमो के तहत पूर्व में ग्रामीण नियमों के अन्तर्गत जारी वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ संपरिवर्तन आदेश की भूमि का राजस्थान Muncipalities (Surrender of Non - Agricultural Land and Grant of Free Hold Lease ) Rules 2015 के परिपेक्ष्य में अभ्यपर्ण/ समर्पण करने की सहमति प्रदान करते हुए वाणिज्यिक (होटल ) प्रयोजनार्थ का पट्टा प्राप्त किये जाने का निवेदन किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है -

| क्र. सं. | नाम आवेदक मय पता | राजस्व ग्राम | खंसरा सं. | क्षैत्रफल | संपरिवर्तित प्रयोजन | चाहा गया प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स होटल जय श्री श्याम (भागीदारी फर्म ) पंजीकृत कार्यालय महावीर सजीकूल एण्ड मेटरनिटी नर्सिंग होम, वैदिक कन्या स्कूल के सामने, आबूरोड। | ओरिया (आबूपर्वत) | 890, 891, 894, 895, 888 | कुल क्षैत्रफल 0.3795 हैक्टेयर अर्थात् 3795.00 वर्गमीटर | वाणिज्यिक | वाणिज्यिक (होटल) |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियो को सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान नगर सुधार न्यास अधिनियम 1959 की धार 60- सी के अधीन पूर्वोत्तर प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा । उपयुर्क्त नियम समय के भीतर -भीतर किसी आक्षेप के अभाव मेय यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा । यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27/05/25 को जारी की गयी ।

डॉ. अंशु प्रिया( I.A.S.)
सचिव,
नगर सुधार न्यास, आबू



**आम सूचना**

हस्ब हिदायत मेरे मुव्वकिल श्री हडमता राम पुत्र मांगीलालजी, जाति माली, निवासी बाकरा रोड, जालोर तहसील व जिला जालोर के जरिये हर आम व खास को आगाह किया जाता है कि उपरोक्त मेरे मुव्वकिल का एक प्लोट बाकरा रोड की आबादी भुमी गत ख.न.325, वर्तमान ख.न. 368 में प्लोट सं.05 में कुल 1110 वर्गफीट का आया हुआ है । मेरे मुव्वकिल ने उक्त प्लोट को जरिये हर्कतर्कनामा अपने भाई सुरेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, उत्तम कुमार जाति माली , निवासी बाकरा रोड, से जरिये हर्कतर्क प्राप्त किया था । जो हर्कतर्कनामा एप पंजीयन जालोर में दिनांक 15.04.2025 को कम सं. 202503104102716 पर दर्ज है । उक्त प्लोट संपरिवर्तनसुदा आया हुआ है जिसे जरिये रजिस्ट्री खीमा, मेवा, गटीया, आदि ने वचनाराम पुत्र जोईता को बेचान किया था जो रजिस्ट्री दिनांक 11.06.1997 को क्रम सं. 875 पर दर्ज है । वचनाराम पुत्र जोईता ने जरिये बख्शीश नामा मांगीलाल पुत्र जोईता को बख्शीश किया था जो बख्शीशनामा दिनांक 06.02.2013 को क्रम सं. 2013000608 पर दर्ज है । मांगीलाल पुत्र जोईता व हुली देवी पत्नि मांगीलाल को देहांत हो जाने के कारण सुरेश कुमार ,जितेन्द्र कुमार, उत्तम कुमार ने उक्त सम्पति मेर मुव्वकिल को हकतर्क की है । अब यदि उक्त सम्पति मेरे मुव्वकिल हडमता राम के स्वामित्व, कब्जे बाबत उक्त पंजीबद्ध हर्कतर्कनामे व पिछले बेचाननामे, बख्शीशनामे सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक व वितीय संस्था को कोई भी आपति हो, तो 7 दिवस के अंदर अंदर मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता से नीचे लिखे पते पर सम्पर्क कर लिखित में आपत्ति पेश करे अन्यथा बाद गुजरने म्याद कोई भी आपति मान्य नही होगी, सो सुचित रहें ।

ओमप्रकाश चौधरी एडवोकेट जालोर
सी- 11, शिवाजी नगर जालोर,
मो. नं. 9413501832